राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने श्रीमती आनंदी बेन को भारत में उद्यमिता पुस्तक भेंट की

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज प्रातः लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन को अपनी कृति भारत में उद्यमिता भेंट की।

श्रीमती बेन ने श्री मिश्र के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को रविवार को यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट सहित मंत्रिमंडल के सदस्यगण मौजूद थे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल